**भारत सरकार**

**श्रम और रोजगार मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2170**

**सोमवार, 09 दिसम्बर, 2024 / 18 अग्रहायण, 1946 (शक)**

**छोटे दुकानदारों के लिए आर्थिक सुरक्षा**

**2170. श्री यदुवीर वाडियारः**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने छोटे दुकानदारों की आर्थिक सुरक्षा पर ध्यान दिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं;

(ग) क्या देश में लगभग तीन करोड़ छोटे व्यापारियों/दुकानदारों को दुकानदारों/खुदरा व्यापारियों तथा स्वरोजगार वाले व्यक्तियों के लिए पेंशन योजना से लाभ मिलने की संभावना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) कर्नाटक राज्य में उक्त पेंशन योजना के अंतर्गत सम्मिलित किए गए छोटे दुकानदारों तथा खुदरा व्यापारियों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**

**(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)**

(क) से (घ) व्यापारियों के लिए राष्ट्रीय पेंशन योजना सितंबर, 2019 में शुरू की गई थी। यह व्यापारियों, दुकानदारों और स्वरोजगार वाले व्यक्तियों को 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने के बाद 3000/- रुपये की न्यूनतम सुनिश्चित मासिक पेंशन प्रदान करने के लिए एक स्वैच्छिक और अंशदायी पेंशन योजना है।

योजना का विवरण निम्नानुसार है:-

| मापदंड | ब्यौरा |
|---|---|
| आयु | 18-40 |
| मासिक आय/ टर्नओवर | पीएम-एसवाईएम के लिए 15,000 रुपये प्रति माह तक और<br>एनपीएस के लिए 1.5 करोड़ रुपये से कम टर्नओवर वाले व्यापारी |
| मासिक अंशदान | 55 रुपए से 200 रुपए प्रति माह |
| अपवर्जन मापदंड | एनपीएस/ईएसआईसी के सदस्य/ईपीएफओ |
| समावेश के मापदंड | आयकर दाता |

दिनांक 04-12-2024 तक की स्थिति के अनुसार, 57739 व्यापारी उक्त पेंशन योजना में नामांकित हैं, जिनमें कर्नाटक राज्य के 2782 व्यापारी शामिल हैं।

*****